हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 14 मई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

4 भजन-निशां के साथ वार्षिकोत्सव का समापन






## हाई व हायर सेकेण्डरी में कई जगहों पर होगी प्रवेश परीक्षा

# आत्मानंद में थोक में मिले आवेदन लॉटरी सिस्टम से होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश पाने इस बार भी थोक में आवेदन जमा हुए है। स्कूलों में जितनी सीटें उससे कई गुना अधिक एडमिशन पाने वालों की अर्जियां है। ऐसे में इस बार भी शिक्षा विभाग द्वारा लॉटरी निकाली जा रही है। इसके आधार पर इच्छुक छात्र छात्राओं को स्वामी आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन मिलेगा। इसके अलावा हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं में भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा लेने की तैयारी भी हो रही है।

गौरतलब है कि नए शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामचीन निजी स्कूलों में तो बच्चों के एडमिशन के लिए थोक में आवेदन मिलते ही है। इन दिनों स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में एडमिशन कराने वालों की कतार लगी हुई है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र छात्राओं से आवेदन मंगाए गए थे। इस दौरान आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन पाने के लिए छात्र छात्राओं की कतार लग गई। स्थिति यह है कि स्कूलों में जितनी सीटें है आवेदन जमा करने वालों की संख्या उससे कई गुना अधिक हो गई है। ऐसे में विगत सत्र की तरह इस सत्र में भी आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन के लिए प्राप्त आवेदनों का लॉटरी निकाला जा रहा है और इससे आधार पर आवेदकों को एडमिशन देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाओ में प्रवेश के लिए भर्ती आयोजित करने की तैयारी हो रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय जांजगीर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में 66 सीट के लिए 308 आवेदन मिले है, तो नवागढ़ में 169 सीट के लिए 583 आवेदन आए है। इसी प्रकार अकलतरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश पाने 92 सीट के लिए 438 आवेदन मिले है। इसके अलावा चांपा, बलौदा, बम्हनीडीह और सारागांव में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए थोक में आवेदन आए है। ऐसी स्थिति में इन सभी जगहों पर जहां लॉटरी सिस्टम से एडमिशन लिया जा रहा है, तो हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं में प्रवेश के लिए परीक्षा लेने की तैयारी भी हो रही है।

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी, 10 को रखा गया प्रतीक्षा सूची में



**हसौद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद में 13 मई सोमवार को कक्षा पहली से 12 वी कक्षा तक के प्रवेश के लिए लाटरी पद्धति का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया गया। लाटरी प्रक्रिया में नोडल अधिकारी सुश्री मीनाक्षी बेग सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थी। श्रीमती बबिता लहरे प्रधान पाठक शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला हसौद , विश्वनाथ प्रताप टंडन शैक्षिक समन्वयक संकुल केंद्र हसौद, लाटरी प्रभारी विश्वजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन से हुआ। प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लाटरी पद्धति की रूप रेखा को रेखांकित किया। नोडल अधिकारी सुश्री मीनाक्षी बेग ने कक्षा पहली से बारहवीं तक लाटरी पद्धति से चयनित विद्यार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। इस बीच लाटरी बॉक्स के उपयोग से लाटरी छोटे बच्चो तथा पालकों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा निकाला गया। जिसमे कक्षा पहली से कक्षा10वीं तक को ओपन लाटरी पद्धति से चयन किया गया। कक्षा पहली में 10 छात्र छात्राओं को प्रतीक्षा सूची में रखा गया। शेष कक्षाओं में पूर्व वर्ष की रिक्त सीटों में लाटरी पद्धति से चयन किया गया। संचालन व्याख्याता अभिषेक पांडेय ने किया।

### अकलतरा में आज व नवागढ़ में कल निकालेंगे लॉटरी

**अकलतरा/नवागढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में मंगलवार 14 मई को प्रातः 9 बजे कक्षा पहली से आठवीं तक की उपलब्ध सीटों के लिए लॉटरी की प्रक्रिया की जाएगी। अब तक कुल 92 सीट के लिए 438 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पात्र अपात्र की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई थी एवं दावा आपत्ति के बाद पुनः सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गीता सिंह ने अपील की है कि लॉटरी की प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा नागरिक उपस्थित होवें एवं अपना सहयोग प्रदान करें। कक्षा 9वी से 12वीं के लिए उपलब्ध सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसी प्रकार नवागढ़ आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश के लिए बुधवार 15 मई को सुबह 9 बजे लॉटरी की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### बीपीएल को 25 व छात्राओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित

आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश के लिए 25 प्रतिशत सीटें बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए आरक्षित होगा। वहीं छात्राओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित होगी। इसी प्रकार पहली से आठवीं तक लॉटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जा रहा है, तो हाई व हायर में कई जगहों पर प्रवेश परीक्षा दी जा रही है।

### लाटरी सिस्टम से प्रवेश

आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए थोक में आवेदन आ रहे है। अलग अलग तारीखों के अनुसार लाटरी सिस्टम से बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा।

-अश्वनी भारद्वाज
डीईओ, जांजगीर चांपा

## बाइक में तीन व स्कूटी में जा रहे थे चार, हुई टक्कर, सभी घायल

### दो युवक व युवती सहित तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



हादसे में घायल युवत व युवती।

स्कूटी व बाइक की आपस में भिड़त हो गई। घटना में 7 लोग घायल हो गए। जिनमें से दो युवक व एक युवती की हालत गंभीर पाए जाने पर बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया है। घटना अकलतरा के जनपद पंचायत कार्यालय के सामने की है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 13 मई की शाम 6 बजे जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बाइक एवं स्कूटी के आमने-सामने भिड़त हो गई। इस दौरान हादसे में सात लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो युवक एवं एक युवती को सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर किया गया। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम नरियरा से श्रुति कर्ष 23 वर्ष, श्रेया कर्ष 16 वर्ष, सिद्धार्थ कर्ष 12 वर्ष एवं विनायक कर्ष 14 वर्ष स्कूटी क्रमांक एमपी 28 एस ए 7193 में सवार होकर नगर के प्रकाश कैफे आए हुए थे। शाम 6 बजे चारों स्कूटी में सवार होकर वापस नरियरा जा रहे थे। जैसे ही वे जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पहुंचे सामने से बाइक क्रमांक सीजी 11 बी डी 4043 में सवार होकर आ रहे नगर के पोंड़ीभाठा निवासी लखन केंवट, मुकेश साहू एवं तनुज दास मानिकपुरी उर्फ अमन के द्वारा सामने से टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में स्कूटी में सवार चार एवं बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे नगर के युवक संदीप सिंह बैस के द्वारा घटना की जानकारी मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को दिए जाने पर पारस साहू के द्वारा तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के द्वारा श्रुति कर्ष, मुकेश साहू एवं तनुज दास मानिकपुरी के चोट की गंभीरता को देखते हुए उन्हें सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर किया गया। दुर्घटना में घायल लखन केंवट, श्रेया कर्ष, सिद्धार्थ कर्ष एवं विनायक कर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### आए दिन हो रहे हादसे

जिले की सड़कों पर हादसों का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार यातायात विभाग द्वारा नियमों का पालन कराने आए दिन वाहनों की जांच की जाती है और जुर्माना भी वसूल किया जाता है। बावजूद इसके ना केवल दोपहिया, चारपहिया वाहन बल्कि बड़े वाहन बेरोक टोक ओव्हर लोड और ओव्हर स्पीड चलते है। बल्कि बाइक के साथ स्कूटी में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने का चलन बढ़ते जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 17 को

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा 17 शुक्रवार मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैम्प में टाटा मोटर्स जेडी आटोनेशन, जांजगीर द्वारा टीम लीडर के 02 एवं सेल्स एक्जिक्यूटिव के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद के लिए निर्धारित योग्यता स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है एवं उक्त पदों के लिए मानदेय 10 हजार से 25 हजार निर्धारित है एवं कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा निर्धारित है। इच्छुक युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** अलग अलग मामलों में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 मई को ग्राम मोहगांव में दुलेश्वर दास महंत पिता मिलाप दास महन्त उम्र 36 वर्ष निवासी मोहगांव थाना नगरदा के कब्जे से एक 5 लीटर, प्लास्टिक जरीकैन में 5 लीटर कच्ची मुहवा शराब एवं एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोतल में 1 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल प्लैटिना क्रमांक सीजी 11 बीएफ 1148 कीमती 40 हजार रुपए अकादशी केवट पति कल्याण सिंह उम्र 43वर्ष निवासी मोहगांव थाना नगरदा से एक नीले रंग के बैग के अंदर तीन हरा रंग की पांच पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जारीकेंन में पांच पांच लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ 34 (2)आबकारी एक्ट का पाए जाने से थाना नगरदा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया कार्यवाही में महिला प्रधान आरक्षक बिंदु राज, प्रधान रक्षक लाल बहादुर चंद्रा, डमरूध , आरक्षक 2दिलीप सिदार थाना नगरदा का विशेष योगदान रहा।

## सरकारी भूमि में लहलहा रही डबल फसल की हार्वेस्टर से हो रही कटाई, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



हार्वेस्टर से हो रही कटाई।

सक्ती जिला अंतर्गत किकिरदा गांव में बेजाकब्जाधारियों के हौसले इतने बुलंद है कि सरकारी जमीन पर डबल फसल लेकर प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहे है। यहां 109 एकड़ भूमि पर लगी रबी फसल धान की कटाई हार्वेस्टर से शुरू हो गई, तो कुछ एरिया में फसल पकने का इंतजार है। इधर जिम्मेदार शासन प्रशासन का अमला आंख मूंदे बैठा है।

गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत तहसील न्यायालय हसौद के ग्राम पंचायत किकिरदा में कुछ ग्रामीणों के द्वारा शासकीय भूमि 109 एकड़ पर अवैध तरीके से बेजा कब्जा किया गया है। यहां बोर लगवाकर गर्मी में धान की फसल लगाई गई। अब यह फसल पककर लहलहाने लगी है। इसके बाद धान के फसल की हार्वेस्टर (आधुनिक मशीन) से धान की कटाई शुरू भी हो गई है। ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी जिम्मेदार राजस्व अमले के साथ जिले के अफसरों को नहीं है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी प्रशासनिक अमले से की थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। स्थिति यह है कि शासन प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर 109 एकड़ में रबी की धान लगाई गई है और बिना किसी कार्रवाई के भय के फसल को समेटने का काम हो रहा है। के कारण दूसरे गांव से यहां पर बसे कुछ लोगों के द्वारा 109 एकड़ के सरकारी भूमि बांधा में अवैध बेजा कब्जा करके गर्मी में धान की फसल लगाया गया है। धान की फसलों पर सुनहरी बालियां भी लहलहाने लगी है और तैयार फसलों को समेटने के लिए हार्वेस्टर का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक जिले के मुखिया कलेक्टर से इस मामले की शिकायत की गई है।

### मिली है शिकायत

शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा कर फसल लगाने की शिकायत मिली है। इस पर जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-भीष्म कुमार पटेल
तहसीलदार ,

### की जाएगी कार्रवाई

शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा करने की शिकायत सामने आ रही है। इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-के एस पैकरा,
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती


## घरेलू विवाद को लेकर पिता ने पुत्र पर धारदार हथियार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

घरेलु विवाद को लेकर बुजुर्ग पिता ने अपने पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से आहत हो गया। परिजनों ने उसे अपोलो अस्पताल में भर्ती किया। मामला सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अमरूवा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 12 मई की दरमियानी रात सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरुवा निवासी अमृत लाल बरेठ उम्र 64 वर्ष ने 12 मई को रात्रि लगभग 8 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोया हुआ था। जहां उनके आरोपी पिता रामेश्वर बरेठ उम्र 85 वर्ष ने कमरे के अंदर घुसकर आम काटने की सरोता से कनपट व गर्दन में वार कर दिया। जहां अमृत बरेठ 64 वर्ष ने अचेत हो गया सोए हुए कमरा बुरी तरह खून से लथपथ हो गया था। परिजन इलाज के लिए तुरंत एनकेएच हॉस्पिटल चांपा ले जाया गया । जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर रिफर कर दिया है। छोटे बेटा लाला बरेठ उम्र 55 वर्ष के मुताबिक आरोपी रामेश्वर बरेठ ने बड़े बेटा अमृत बरेठ एवम छोटे बेटा लाला बरेठ दोनो के पास पंद्रह पंद्रह दिन की पाली है। इसी बात को लेकर मार दिया । परिजन ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज 13 मई को सारागांव थाना में की गई। जहां पुलिस जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप



### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन सहन को समझने के उद्देश्य से राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की जोड़ी की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। राज्य भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की गतिविधियों का आयोजन करते हैं। इसी कड़ी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय एनटीपीसी कोरबा में की गई। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि आज हमारी संस्कृति और विरासत को संजो कर रखने की जरूरत है, नई पीढ़ी को यह बतलाना है कि, हमने इतने महान देश में जन्म लिया। संचालन 12वीं के छात्र अक्षय पाठक ने किया, विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक लखन राम, अमित धिरते और संगीत शिक्षक अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्रीमती अर्चना खरे, श्रीमती संगीता रानी दास की उपस्थित रहीं। आभार व्यक्त प्रदर्शन अमित धीरते ने किया।

### परिवार नियोजन के लिए निजी अस्पतालों को करना होगा आवेदन

**कोरबा।** निजी अस्पताल, नर्सिंग होम द्वारा महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के संचालन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन महिला एवं पुरुष कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता लेना आवश्यक है। इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु इच्छुक निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही पूर्व में मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम को पुनः आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### नवीन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम हेतु समिति गठित

**कोरबा।** सड़क परिवहन और राजमार्ग, मंत्रालय द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर नवीन टक्कर मार भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है, जिसके तहत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति अंतर्गत दावा निपटान आयुक्त हेतु जिला कलेक्टर अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। साथ ही सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट सड़क सुरक्षा पहलुओं से संसक्त लोक या स्वैच्छाया संगठन का कोई सदस्य, सदस्य सचिव के रूप में साधारण बीमा परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी तथा दावा जांच अधिकारी के रूप में अनुविभागीय दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

### हाइवा की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहे ग्रामीण को पीछे आ रहे हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शहर से लगे ग्राम केपी बाबूपारा निवासी बंधु गिरी आ. स्व. पहटिया गिरी (75 वर्ष) शनिवार की शाम शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहा था। जैसे ही ग्राम हसूली के समीप पहुंचा तभी शहर की ओर से राजपुर की ओर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 4125 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## 3989 मेगावाट से बढ़कर 6148 मेगावाट तक पहुंची बिजली की डिमांड

# बीते पांच वर्षों में पिकआवर के दौरान बिजली की डिमांड में 35 फीसदी की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

प्रदेश में पीक अवर यानी अधिकतम मांग अवधि में बिजली की खपत मे साल दर साल बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बात करें पिछले 5 सालों की तो प्रदेश में पिक आवर के दौरान बिजली की डिमांड में 2159 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2019-20 में जहां प्रदेश में बिजली की डिमांड 3989 मेगावाट रही जो वर्ष 2023-24 मे बढ़कर 6148 मेगावाट के करीब पहुंच रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते वित्तीय वर्ष में पीक अवर के दौरान बिजली की औसतन मांग 6148 मेगावाट रही। जो कि राज्य में यह अब तक की सर्वाधिक मांग थी। डिमांड के मुकाबले बिजली की उपलब्धता भी 6148 मेगावाट रही। लगातार बिजली की बढ़ती डिमांड विद्युत कंपनी प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। प्रदेश में बिजली की डिमांड में तो बढ़ोतरी हो रही है पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की क्षमता जस की तस बनी हुई है। कंपनी के एचटीपीपी, डीएसपीएम व मड़वा संयंत्र को मिलाकर कुल उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट है। हालांकि इकाईयो में आ रही तकनीकी खराबी की वजह से समय समय पर इसमें भी गिरावट दर्ज की जाती है। राज्य सरकार द्वारा नए संयंत्र को लेकर योजना तो बनाई गई पर अब तक एचटीपीपी संयंत्र परिसर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र का निर्माण कार्य शुरु नहीं किया जा सका है। हालांकि संयंत्र के भूमिपूजन के बाद जनसुनवाई का भी आयोजन पूरा कर लिया गया है। बावजूद इसके संयंत्र निर्माण को लेकर कोई कवायद देखने को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि प्रदेश में बढ़ती बिजली की डिमांड को पूरा करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से मिलने वाली बिजली का सहारा लेना पड़ रहा है। मांग व आपूर्ति में अंतर सामान्य बनी रहे इसके लिए मजबूरी में महंगे दरों मे बिजली खरीदनी पड़ रही है।

**खास बात**

- डिमांड को पूरा करने सेंट्रल सेक्टर का लेना पड़ रहा सहारा

**वर्षवार पीकअवर के दौरान विद्युत मांग के आंकड़े**

| वर्ष | डिमांड (मेगावाट में) |
|---|---|
| 2019- 20 | 3989 |
| 2020- 21 | 4682 |
| 2021- 22 | 5019 |
| 2022- 23 | 5399 |
| 2023- 24 | 6148 |

**प्रदेश में सबसे गर्म रहा कोरबा**

जिले का अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़कर 43.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इसी तरह रात के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि हो गई। दिनभर धूप व बादल आते-जाते रहे। भले ही धूप थोड़ी कम लगी लेकिन उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार आगे भी मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिससे कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश होने की गतिविधियां भी बढने की संभावना है। एक साइक्लोन मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है, जो छत्तीसगढ़ के मौसम को परिवर्तित करेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह और शाम को बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में अभी सर्वाधिक तापमान कोरबा जिले में 43.3 डिग्री दर्ज हुआ है जबकि रायगढ़ 39.9 और बेमेतरा 39.6 डिग्री के साथ खूब तप रहे हैं। अन्य जिलों का अधिकतम तापमान फिलहाल 40 डिग्री के नीचे बना हुआ है।

# पुलिस ने चोरी के डीजल से भरा टैंकर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल की खदानों में डीजल चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खदानों की सुरक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। वहीं प्रबंधन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो डीजल चोरी की घटना खदान में लगातार हो रही है। उसके बाद भी ऐसे मामलों में प्रबन्धन सख्त कदम उठाने में असमर्थ नजर आ रहा है। खदान में गाड़ियों के घूसने का कोई अलग से रास्ता नही है। फिर गाड़िया खदान में किस स्थान से जा रही है और किस रास्ते से चोरी के डीजल को ले जाने वाली गाड़ियां बाहर आ रही है। इस पूरे खेल में कोई न कोई अधिकारी की मिलीभगत है जिसके कारण चोर अपनी गाड़ियों को लेकर खदान में पहुंच रहे है और चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद खदान से बाहर भी आ रहे है जबकि आम आदमी अपनी चारपहिया वाहन को लेकर खदान के अंदर नही जा पा रहा है। उसके लिए परमिशन की आवश्कता होती है ऐसे में चोर अपनी गाड़ियों को लेकर खदान में बिना किसी परेशानी के घुस रहे है। खदान के भीतर मौजूद भारी वाहनों से बड़े पैमाने पर डीजल की चोरी शुरू हो गई है, जिसका ताजा उदाहरण रविवार की दोपहर देखने को मिला जहां त्रिपुरा रायफल्स, विभागीय सुरक्षाकर्मी और कुसमुंडा पुलिस की टीम ने कुसमुंड़ा खदान के भीतर डीजल से भरा टैंकरा पकड़ा। हालांकि टैंकर चालक और उसमें सवार लोग मौके से भाग खड़े हुए। डीजल में सैकड़ों लीटर डीजल पाया गया है। कहीं न कहीं डीजल चोर आदर्श चुनाव आचार संहिता के बीच अपने मंसूबों को कामयाब करने में लगे हैं लेकिन इस मामले में सबसे बड़ा सवाल ये है कि कड़ी सुरक्षा के बीच डीजल टैंकर खदान के भीतर घुसा कैसे। इस मामले में कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों का हाथ हो सकता है। डीजल चोरी को रोकने एसपी ने काफी कड़ाई कर दी है, बावजूद इसके डीजल चोरी कई सवालों को जन्म दे रही है।

# सड़क निर्माण अधूरा, राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर से कुसमुंडा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर फोरलेन बनाने का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। संबंधित ठेकेदार निर्माण कार्य को मंद गति से कर रहा है। सड़क पर बीच-बीच में कई जगह निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। छूटे मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से धूल तो उड़ ही रहा है, इसके कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। कई बार उड़ती धूल के कारण सामने से आ रही वाहनों पर पता भी नहीं चलता और उससे टकराने के कारण दुर्घटना भी घटित हो जाती है।

निर्माणाधीन कुसमुंडा मार्ग में 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क पर गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ रही है। गाड़ियों की कोल डस्ट सड़क पर गिर रही है। वहीं हाल ही में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर मिट्टी डाला गया है। इसे भी व्यवस्थित नहीं किया गया है। मिट्टी के धूल सड़क पर जम गई है। इस बीच भारी वाहनों के तेज रफ्तार में दौड़ने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे भारी वाहनों के पीछे आ रहे दो पहिया, ऑटो, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। सबसे अधिक दिक्कतें दो पहिया वाहनों को हो रही है। आंखों पर धूल के कण जाने से परेशानी हो रही है। चौक-चौराहे की जर्जर सड़क और धूल की वजह से कई बार चालक वाहन का नियंत्रण संभाल नहीं पाते। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन न तो सड़क की सफाई पर ध्यान दे रहे हैं और पानी छिड़काव पर गंभीरता दिखाई जा रही है। जबकि इस मार्ग से बरमपुर, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से लोग देर रात तक आवाजाही करते हैं।

**एक्सीडेंटल जोन साबित हो सड़क**

कुछ दिन पहले ही सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए। इस दौरान भारी वाहन चालकों को चोंटे आई है। इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है। निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर सर्वमंगला चौक, बरमपुर चौक और कसुमुडा चौक के पास निर्मित सड़क और जर्जर सड़क की ऊंचाई अधिक है। इस कारण कई बार वाहनों के पहिए सड़क पर फंस जाते है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### सर्पदंश से बिगड़ी युवक की हालत, अस्पताल में मौत

**कोरबा।** खाना खाने के बाद दोस्तों के साथ गली में बैठकर बातचीत कर रहे एक युवक को सांप ने डस लिया। उसे इसकी भनक नहीं लगी। थोड़ी देर बाद युवक की हालत खराब होने लगी। उसे आनन-फानन में पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक ने दम तोड़ दिया। घटना बांगो थाना क्षेत्र के लोड़ीबहरा की है। गांव में रहने वाला संतोष कुमार रात भोजन करने के बाद दोस्तों के साथ गांव की गली में बैठकर बातचीत कर रहा था। इस बीच उसे किसी जीव ने पीछे से काट लिया। संतोष को लगा कि उसे किसी जहरीले जीव ने काट लिया है। उसने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। थोड़ी देर बाद संतोष की हालत खराब होने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। तब परिवार के सदस्यों को सर्पदंश की जानकारी मिली। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। दूसरे मामले में व्यस्त होने के कारण डॉयल 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची। घंटे भर इंतजार के बाद ग्रामीण संतोष बाइक पर बैठाकर पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचे। तब तक उसकी सांसे थमने लगी थी। इलाज के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने बताया कि जिस समय संतोष को अस्पताल लाया गया था। सांप का जहर उसके शरीर में फैल चुका था।

# सीजी बोर्ड रिजल्ट के बाद छात्र अब महाविद्यालय में प्रवेश की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया 15 जून से शुरू होगी, किंतु सीजी रिजल्ट घोषित होने के बाद महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर एक बार फिर मारा-मारी मचने की स्थिति निर्मित होगी। बीते चार वर्ष से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा स्नातक स्तर में सीटों की संख्या को नहीं बढ़ाने के कारण अब फिर से बीते वर्ष जैसी स्थिति निर्मित होगी। हायर सेकेंडरी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या बीते वर्ष से अधिक है।

जिले में 12 शासकीय अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में कई संकाय अभी भी शुरू नहीं हुए हैं, तो वही कुछ कॉलेजों में संकाय तो शुरू किए गए हैं, लेकिन छात्र नहीं मिल रहे हैं। प्रवेश को लेकर सर्वाधिक आवेदन पीजी कॉलेज व मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में पहुंचते हैं। बीते वर्ष सितंबर महीने तक प्रवेश की प्रक्रिया चली थी। पीजी कॉलेज में जिन प्रोफेसनल कोर्स का संचालन शुरू किया गया है उनमें भी अधिक आवेदन आने की वजह से मेरिट सूची के अंक ऊपर रहते हैं। पूर्व में स्नातक स्तर की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर तकनीकी दिक्कतें सामने आती थी, लेकिन जैसे जैसे प्रोफेसनल कोर्स की डिमांड बढ़ने लगी वैसे-वैसे प्रोफेसनल कोर्स में भी प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। यही स्थिति केएन कॉलेज व मिनी माता गर्ल्स कॉलेज कटघोरा के मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय में भी है। इनके अलावा करतला, भैसमा, पाली व जटका, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार में भी कॉलेज संचालित है। प्रवेश को लेकर पिछले वर्ष से इन कॉलेजों में भी आवेदन पहुंचने लगे हैं। बांकीमोंगरा महाविद्यालय में सभी संकाय की सीटें प्रथम वर्ष से ही फुल चल रही हैं।

**शहर में एक और कॉलेज की दरकार**

औद्योगिक शहर में तीन शासकीय कॉलेज संचालित हैं। जिनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज है, शेष मिनीमाता व पीजी कॉलेज हिंदी माध्यम है। प्रवेश को लेकर इन दोनों कॉलेजों के सभी संकाय में मेरिट सूची में कटअप मार्क अधिक होने के कारण प्रवेश कई छात्रों को नहीं मिल पाता। ऐसे में शहर में एक और शासकीय कॉलेज की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि लगातार छात्रों की संख्या बढ़ने के कारण प्रवेश मिल सके। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में चलने वाले शासकीय महाविद्यालयों में सभी तरह के संकाय शुरू करने की आवश्यकता है ताकि शहर के कॉलेजों में भीड़ कम हो सके।

# नर्सेज डे पर बीएमएस ने अस्पताल की परिचायिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नर्सों को पुरस्कृत करते बीएमएस के पदाधिकारी।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों द्वारा समाज में किए जाने वाले योगदान को चिह्नित करने के लिए यह मनाया जाता है गेवरा दीपका क्षेत्र में अस्पतालों में जाकर बीएमएस संगठन ने कार्यक्रम आयोजित कर अस्पताल स्टाफ का सम्मान किया।

दीपका क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय परिचारिका दिवस के अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका के सभी स्टाफ नर्स बहनों को अंग वस्त्र, गुलाब फूल व मिष्ठान वितरण कर सम्मान किया गया। संगठन के अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने बताया कि नर्सेस के योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए नर्सेस डे मनाया जाता है। अस्पताल की परिचयिका सेवा के रूप में जानी जाती है जिसके लिए सम्मान के हकदार है। कार्यक्रम में श्यामल दास लक्ष्मण चंद्रा, रमेश गुरुद्वान, मनोज सिंह, संजय पांडे, बनवारी लाल चंद्रा, शिव शंकर शुक्ला, संदीप मानिकपुरी, डालचंद सोनी, सरजू रत्नाकर, संतोष पटेल, अनिल सिंह मनोज दास और लक्ष्मी देवांगन समेत संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यूजीसी नीट के आवेदन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** यूजीसी नीट-2024 के आवेदन की तारीखें बढ़ा दी हैं। अब 15 मई तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 10 मई थी। इसके तहत फीस जमा करने की आखिरी तारीख 17 मई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कि ओर से यूजीसी नेट 18 जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह 16 जून को होने वाली थी। दरअसल, यूपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 16 जून को होनी है। कई अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में शामिल होना चाहते थे। इसके चलते छात्र विरोध कर रहे थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली 10 साल की सजा

**कोरबा।** दुष्कर्म के एक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी युवक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है तथा 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। घटना फरवरी 2023 की बताई जा रही है। कोरबा में रहने वाले एक युवती अपनी सहेली के साथ कनकी मेला गई थी। मेले में उसकी मुलाकात चंदन विश्वकर्मा नाम के युवक से हुई थी। दोनों एक-दूसरे से बातें करने लगे थे। युवक का युवती के घर आना-जाना भी था। मार्च 2023 को युवती घर में अकेली थी। इस बीच चंदन उसके घर पहुंच गया। उसने युवती से जोर जबरदस्ती का संबंध बनाया और घटना की जानकारी परिवार वालों को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी युवती ने कई दिनों तक परिवार से जानकारी छिपाई। इस बीच युवक उसे परेशान करता रहा कि घटना की जानकारी माता-पिता को दी।

**आम सूचना**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सनत कुमार केशरवानी पिता नंदबाबा केशरवानी साकिन खरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कमरीद महल नं. 02 प.ह. नं. 28 रा.नि.मं. रहौद तह. पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) में अवस्थित भूमि खसरा नंबर 64, रकबा 0.121 हे. मुकेश कुमार सुल्तानियां पिता महेश कुमार सुल्तानियां निवासी शिवरीनारायण एवं ख.नं. 133 / 5 रकबा 0.202 हे. भूमि सावित्रि देवी पिता मनमोहन सुल्तानियां के नाम पर अवस्थित है जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने हेतु पक्का सौदा किया गया है। जो कि निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है।
सो सूचना जाने

गजेन्द्र बंजारे
अधिवक्ता शिवरीनारायण / नवागढ़
मो. नं. - 9993318094

# बालको ने लक्ष्य से 5 लाख टन एल्यूमिनियम अधिक किया उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

बालको के उत्पादन में उछाल आया है। बालको ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया है। जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 5 लाख 69 हजार टन था।

जिले में स्थित बालको संयंत्र की अधिकृत उत्पादन क्षमता 5 लाख 70 हजार टन सालाना है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5 लाख 82 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया था। कंपनी ने लक्ष्य से अधिक पांच लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम का उत्पादन दर्ज किया। यहां बताना होगा कि बालको में स्मेल्टर संयंत्र के विस्तार परियोजना का काम चल रहा है। आने वाले समय में बालको की एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता बढ़कर 10 लाख टन सालाना से अधिक हो जाएगी। 12 सौ एवं 540 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र भी प्रचालन में है। वेदांता समूह का ओडिशा के झारसुगड़ा में 18 लाख टन एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता वाला स्मेल्टर संयंत्र स्थित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस संयंत्र से 17 लाख 81 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया गया है। जबकि 2022-23 में 17 लाख 22 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन हुआ था। वेदांता का लांजीगढ़ में 2 मिलियन टन क्षमता वाला एल्यूमिना रिफाइनरी संयंत्र प्रचालन में हैं। इस संयंत्र से बालको एवं झारसुगड़ा के स्मेल्टर संयंत्र को एल्यूमिना पाउडर की आपूर्ति होती है। देश के एल्यूमिनियम उत्पादन में वेदांता समूह की 56.83 फीसदी की हिस्सदारी है। वेदांता के अलावा पब्लिक सेक्टर के नालको (4.60 लाख टन) एवं निजी कंपनी हिंडाल्को (13.40 लाख टन) द्वारा एल्यूमिनियम उत्पादन किया जाता है।

### पीएचई अधिकारी पर अपहरण कर फिरौती मांगने का अपराध दर्ज

**कोरबा।** बैंगलोर में अध्ययनरत एसईसीएल कर्मी के पुत्र का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में पीएचई के अधिकारी व उसके पुत्र के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में मानिकपुर चौकी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एफआईआर की कार्यवाही की है। एसईसीएल कॉलोनी सुभाष ब्लॉक निवासी संजय कुमार के दो पुत्र हैं, एक शुभम और दूसरा शिवम कुमार। दोनों बैंगलोर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। जहां एमपी नगर निवासी पीएचई अधिकारी वायएम मेहर राज का पुत्र तन्मय यडल्लु 22 वर्ष भी कुछ दिन शुभम के रूम में रहा। 19 सितंबर 2023 को तन्मय ने संजय कुमार के फोन पर काल कर कहा कि तेरे बेटे का किडनैप कर लिया है। 5.5 लाख तेरा बेटा लिया है, उसे दे नहीं तो अच्छा नहीं होगा कहते हुए फोन काट दिया, जिससे संजय सिंह घबरा गया। पुनः फोन करने पर पैसा नहीं देने पर बेटे को मारने की धमकी दी गई।

जाँजगीर मार्केट
गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसिन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

13- MAY-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/13/2024 8:20 PM Page 1





# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी

## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।'' एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

टीवी मसाला



# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले



अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।

# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं




### बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री




'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...

# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

*__मुंबई।__ कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*



**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।




**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।



## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10 वीं में संयोग ने प्राप्त किया 94 प्रतिशत अंक



**जांजगीर चांपा।** सीबीएसई सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 10 वीं की परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयोग पांडेय ने स्कूल सहित परिवार का गौरव बढ़ाया है । वे लायंस डीएवी स्कूल अकलतरा में अध्ययनरत है। उन्होंने घोषित परिणाम 94 प्रतिशत अंक अर्जित किया है तथा सभी विषयों में उसे ए ग्रेट मिला है । मूलतः डोंगाकोहरौद निवासी श्रीमती माधुरी दिनेश्वर प्रसाद पांडेय के दो पुत्रों में छोटे पुत्र हैं जो अभी अकलतरा में रहते हैं । उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, परिजन एवं स्नेही मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है ।

### आत्मानंद स्कूल के छात्र अविरल ने 10 वीं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। कक्षा दसवीं में स्वामी आत्मानंद स्कूल क्रमांक-1 के छात्र अविरल तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 67.5 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। अविरल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्य एवं परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### कक्षा 12वीं में पार्थ सिंह ने प्राप्त किया 83 प्रतिशत अंक



**जांजगीर-चांपा।** आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जांजगीर के छात्र पार्थ सिंह ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स संकाय में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। पार्थ सिंह के पिता अर्जुन सिंह क्षत्री और माता पूनम सिंह हैं। संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों छोटेलाल सिंह, रामपाल सिंह, लोकपाल सिंह, टीकम, विनोद सिंह, दीपक सिंह, घनश्याम देवांगन, दिलीप, प्रशांत शर्मा, ख्याति सिंह, रजत सिंह, कान्हा ऋषि सिंह, रश्मि एवं रतन देवी, माधव सिंह, रविंद्र सिंह, मनोज सिंह, शारदा देवी, प्रीति सिंह, आभारानी, राहुल सिंह, आशु सिंह, सुबोध सिंह, मुक्कू बिट्टी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए पार्थ सिंह के उज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने में आत्मानंद स्कूल सफल रहा है और यहां के छात्रों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में पुष्पेंद्र को मिला 79.6 प्रतिशत अंक



**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी चाम्पा में अध्ययनरत दसवीं कक्षा के छात्र पुष्पेंद्र यादव ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस बार दसवीं कक्षा में कई छात्रों ने पहला स्थान प्राप्त किया है। बालपुर गांव के राहुल राज यादव को 96 प्रतिशत तो बहेराडीह गांव के प्रगतिशील किसान शंकर लाल यादव के पुत्र पुष्पेंद्र यादव को 79 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। इसी तरह कई कई छात्र छात्राएं भी 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के इस उपलबधि पर स्कूल के प्राचार्य ने उज्वल भाविष्य की कामना की है।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में अनुराग ने प्राप्त किया 91 प्रतिशत अंक



**तुस्मा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड परीक्षा में अनुराग साहू ने91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव एवं स्कूल का मान बढ़ाया है। उसकी इस उपलब्धि पर लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना किया है। अनुराग ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

## निधन

### गजानंद मिश्रा



**चांपा।** स्थानीय स्टेशन रोड मंझली तालाब निवासी सेवा निवृत्त शासकीय शिक्षक गजानंद मिश्रा का रविवार 12 मई को निवास पर निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। स्व. मिश्रा अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 13 मई को दोपहर 12.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बाईपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र रमेश मिश्रा ने दी।

### एकादशिया साव



**बिर्रा।** शांति चौक बिर्रा के प्रतिष्ठित व्यक्ति एकादशिया साव उम्र का 53 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी,दो पुत्र व तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय बाजार चौक मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी शामिल हुए।

### श्याम बाबा को अर्पित किया गया रजत निर्मित छत्र व मुकुट

# भजन-निशां के साथ वार्षिकोत्सव का समापन



श्याम भजनों की प्रस्तुति देते शुभम-रूपम।



श्याम प्रभु को छतर अर्पित करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित खाटु वाले श्याम मंदिर का दो दिवसीय तेरहवां वार्षिकोत्सव 9 मई को रात्रि 8 बजे से कुश वाटिका में आयोजित श्याम भजन निशां एवं भण्डारा प्रसाद के साथ ही सम्पन्न हुआ।

मंदिर के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के पहले दिन 8 मई को सायं 6 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्याम मंदिर तक श्याम भक्त महिलाओं तथा पुरूषों द्वारा भव्य व विशाल निशान यात्रा निकाली गयी। वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन गुरूवार 9 मई को सुबह 8 बजे श्याम प्रभु की नित्य आरती के पश्चात सुबह 9 बजे से श्री श्याम सखी मण्डल चांपा की महिला सदस्यों ने रजत निर्मित नवीन छतर श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया। इसके बाद दोपहर 1 बजे श्री श्याम प्रभु की महाआरती पंडित नीलमणी द्विवेदी द्वारा संपन्न कराई गयी। इसके पश्चात उन्हें भुक्ता निवासी दिलीप अग्रवाल की ओर से निर्मित नवीन चांदी का मुकुट अर्पित किया गया। इस दिन रात्रि 8 बजे से कुश वाटिका में निर्मित भव्य श्याम दरबार के समक्ष समिति के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल द्वारा सपतनीक श्री श्याम प्रभु की अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गयी। यहां श्री श्याम प्रभु को छप्पन भोग भी अर्पित किया गया। इसके पश्चात समिति के संरक्षक सुनील अग्रवाल द्वारा श्री हनुमान जी एवं श्री गणेश जी की वंदना की गयी। इसके बाद समिति के संरक्षक रामनाराण मोदी द्वारा भजन निशां प्रारंभ करने के लिए देश के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक रायपुर निवासी सुरेश राजस्थानी, कानपुर निवासी श्याम भजन गायिका कोमल तिवारी तथा कोलकाता निवासी जोड़ी शुभम-रूपम को श्याम भजन प्रस्तुत करने आमंत्रित किया। सभी गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से अनवरत उपस्थित श्याम भक्तों को तालियां बजाने व थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान रात्रि 9 बजे से यहां भण्डारा प्रसाद का भी आयोजन रखा गया जिसमें बडी संख्या में नगर तथा क्षेत्र के श्याम भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्याम भजन निशां देर रात्रि 2 बजे तक चलती रही। श्याम मंदिर के दो दिवसीय तेरहवें वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में प्रमुख रूप से श्याम बाबा सेवा समिति के संरक्षकगण रामनाराण मोदी, सुनील अग्रवाल, शीतल केडिया, किशोर मोदी, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, नारायण मित्तल, सचिव अंकित मोदी, विकास मोदी के अलावा मीडिया प्रभारी व पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा, आशीष अग्रवाल, सौमिल मोदी, संदीप अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, रितेश बरेलिया, गजेन्द्र अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, आनंद सिंघानियां, अंकित खेतान, श्याम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल के अतिरिक्त श्याम सखी मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गोयल, देवी अग्रवाल, कौशिल्या मोदी, माया शर्मा, लता मोदी, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल, श्रीमती हेमलता अग्रवाल तथा श्रीमती सुमन अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।



# नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने दिया आश्वासन

गर्मी में गिरते भूजल स्तर से जल आपूर्ति में आ रही दिक्कत तथा नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर भाजपा नेताओं ने सोमवार 13 मई को कलेक्टर से मुलाकात की।

कलेक्टोरेट पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल के साथ , जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव,, सक्ती नगर मण्डल भाजपा महामंत्री अमन डालमिया,, महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पेन्द्री कसेरा ने सर्वप्रथम कलेक्टर अमृत विकास तोपनो को सक्ती जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव के सफल संचालन हेतु पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार ज्ञापित किया । तत्पश्चात चर्चा करते हुए गर्मी में पूरे नगर में भूजल स्तर में गिरावट की वजह से जल आपूर्ति की समस्या, वार्ड 1.2.3 के रहवासियों के लिए मुक्तिधाम जाने हेतु सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित कराना, नगर के संकरे मार्गों पर सुगम यातायात व्यवस्था करा, यातायात का दुरुस्तीकरण करवाने हेतु पहल करने की बात की। साथ ही विगत वर्षों कांग्रेस शासनकाल में सक्ती नगर के प्रमुख हाट बाजार, बुधवारी बाजार में हुई तोड़फोड़ से प्रभावितों को रोजगार एवं आवास हेतु शाषकीय भूमि उपलब्ध करा उनके पुनः विस्थापीन हेतु उचित कार्ययोजना बना पहल करने की मांग की । इस संबंध में कलेक्टर तोपनो ने भाजपा नेताओं को सकारात्मक आश्वासन देते हुए अतिआवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने एवं बुधवारी बाजार के तोडफोड़ में प्रभावित हुए लोगो के विस्थापन हेतु जल्द से जल्द अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही। मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। नगर की समस्या हमारी अपनी समस्या है, जिसके लिए जब जब आवश्यकता हो हमारे द्वारा शाषन स्तर पर जाकर प्रयास किया जावेगा ।

# पंजाब के किसानों को बकरी पालन का प्रशिक्षण दे रहे सिवनी के रामाधार



**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के असेसर व बकरी पालन विषय के मास्टर ट्रेनर सिवनी गांव के रामाधार देवांगन पंजाब के एसबीआई आरसेटी फतेहगंज साहेब में बकरी पालक किसानों को बकरी पालन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। रामाधार देवांगन जो कि कृषक संगवारी के साथ ही केन्द्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसंधान व वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार भी हैं। उन्होंने भारत के मध्यप्रदेश समेत महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, सिक्किम, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश पहुँच कर अपने सहयोगी साथी युवा कृषक दीनदयाल यादव के साथ मिलकर कृषि क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण देने का काम निरंतर छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के नियंत्रक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन पर दे रहे हैं। रामाधार देवांगन ने बताया कि कृषि क्षेत्र में पंजाब के किसान बहुत ही अच्छा काम कर रहे हैं। यहां के किसानों को बकरी पालन के कारोबार से जोड़ने तथा प्रशिक्षण के लिए उन्हें यहां बुलाई गई है। प्रशिक्षण सत्र कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान फतेहगंज साहेब के डायरेक्टर रामलाल औजला समेत एलडीएम मुकेश सैनी, फैकेल्टी हरदीप राय और पंजाब राज्य के बकरी पालक प्रगतिशील किसान प्रमुख रूप से शामिल थे।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने नवीन महाविद्यालय का नामकरण लिगेंश्वर महाविद्यालय किये जाने सीएम को लिखा पत्र



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय नवागढ़ में स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय का नामकरणलिंगेश्वर महाविद्यालय किए जाने क मांग की है। श्री चंदेल ने इस आशय का मांग पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, उच्च शिक्षा सचिव को प्रेषित किया है तथा निवेदन करते हुए शीघ्र इस पर अमल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र की जनता की बहुप्रतिक्षित मांग है, इसमें जनता की जनभावनाऐं जुड़ी हुई है, इसे शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है।

# मानव के संस्कारों की सृजन कर्ता व प्रथम गुरु होती है मां : शशिप्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मातृ दिवस पर ब्रह्माकुमारी परिवार के द्वारा 50 माताओं का किया गया सम्मान



मातृदिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करती ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा।

ग्राम कोटमीसोनार स्थित ब्रह्माकुमारी प्रभु-अनुराग भवन में मातृ दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन का आयोजन कर माताओं को तिलक लगाकर , पट्टा व बैच पहनाकर एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन कर शिव ध्वज लहराया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि मातृ दिवस का यह दिन हमारे कर्तव्यों की स्मृति हमें दिलाता है स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवार के लिए माता की भूमिका हमेशा से सराहनीय रहा है। मां मानव के संस्कारों की सृजन कर्ता व प्रथम गुरु है,मां हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह है क्योंकि वह हमें सभी परेशानियों से बचाती है वह कभी अपनी परेशानियों पर ध्यान नहीं देती और हर समय वह हमें सुनती है समझती है। मां की भूमिका हम सबके जीवन में अवर्णनीय व अकथनीय है। त्याग, निष्ठा, सहनशीलता,प्रेम की प्रतिमूर्ति मां ही है। कहते हैं भगवान हर समय हर जगह पर हमारी रक्षा के लिए नहीं आ सकते इसलिए उन्होंने मां को अपना स्वरूप बनाकर के धरती पर भेजा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य रनिया बाई कैवर्त्य,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहोद्रा निषाद, बरगवां आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मीन कुंभकार, अंजोरा साहू, संतोषी साहू सहित 50 माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेखा केवट ने पूछो ना कैसी है मेरी मां ,एक सच्चे दोस्त जैसी मेरी मां गीत पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। आभार प्रदर्शन टीकाराम केंवट ने किया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा में विद्यानिकेतन व ड्रीमलैंड स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



विद्यानिकेतन उ मा विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ का शिक्षा विभाग द्वारा घोषित 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा फल में प्रतिवर्ष की भांति अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। विद्या निकेतन से हिंदी माध्यम 10 वीं में 35 प्रथम 30 द्वितीय एवं 15 तृतीय श्रेणी से वैसे ही कक्षा 12 वीं में 30 प्रथम 38 द्वितीय एवं 8 तृतीय श्रेणी से पास हुए हैं । साथ ही विद्यालय का 87 % रिजल्ट रहा । जिसमे हिमांशी साहू 92% देवस्य प्रताप सिंह 90% राम सागर पटेल 86 % आस्था खरे 85 % कृष्णा कुमार पटेल 85% कल्पना सूर्यवंशी 82%कौशल टंडन 82% यशोदा शर्मा 79 .4 %भावना निर्मलकर 79% आरती पेटल 79% विजेंद्र यादव 78%सत्यम कुमार सोनी 77% रिया अनंत 77% साहिल भार्गव 76% शोभा साहू 75 .4%टिकेश्वर 75%वर्षा कमल 74 % धर्मेन्द्र 74%पम्मी टंडन 72% खगेश साहू 70 % उसी प्रकार ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल से कक्षा 10 वीं में 16 प्रथम 15 द्वितीय एवं 12 वी से 7 प्रथम 14 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमे समीर पटेल ने 93%, सौम्या पिटर 84%, पियूष राज चौहान 82%, 82% ,सोनाली डनसेना 82%,दीप जुनेजा 78.8 % , प्राव्या गाँधी 78%,आकाश पटेल 77 %,डागेश्वर साहू 72 .5 % प्रतिशत अंक प्राप्त किया । परीक्षा परिणाम के घोषणा के पश्चात विद्यालय के सफल परीक्षा परिणाम पर संस्थान के संचालक नरेन्द्र पाण्डेय ने ख़ुशी व्यक्त करते हुए कहा की सन 2000 से लेकर आज तक विद्यालय का परीक्षा परिणाम में निरंतर श्रेष्ठता सिद्ध किया है। इसका मुख्य कारण विद्यालय द्वारा दिया जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं को बच्चों ने अपनाया है और अपने पढाई को निरंतर मजबूत किया है। विद्यालय के विभाग प्रमुख अखिल शुक्ल ने विद्यालय के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था तथा प्रत्येक छात्र पर शिक्षकों का ध्यानाकर्षण का परिणाम है इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस पद्धति को अपनाकर अपना नाम करने वाले बच्चो को शुभकामनायें दी।

# लायंस क्लब के दूसरी बार रामप्रपन्न अध्यक्ष व संतोष को सचिव का जिम्मा



नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते लायंस सदस्य।

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन रविवार 12 गई को सर्वसम्मति से किया गया जिसमें लायन रामप्रपन्न देवांगन को लगातार दूसरी बार क्लब का अध्यक्ष तथा लायन संतोष कुमार सोनी को भी लगातार दूसरी बार क्लब का सचिव चुना गया।

लायंस क्लब चांपा की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का गठन क्लब की नामिनेशन कमेटी द्वारा क्लब की सामान्य सभा एवं संचालक मण्डल की संयुक्त बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर किया गया जो इस प्रकार है- संरक्षक लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, प्रथम उपाध्यक्ष लायन लायन खूबचंद देवांगन, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन उत्तम प्रकाश देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, सहसचिव लायन किशन शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन शैलेश बाजोरिया, टेमर लायन मोहन गुलाबानी, पी.आर.ओ. लायन डॉ. श्रीमती शरद बिरथरे, टेल-ट्विस्टर लायन श्रीमती संगीता अग्रवाल, सदस्यता विस्तार लायन नारायण प्रसाद सोनी, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन एस. एन. गर्ग तथा क्लब के संचालक मंडल में लायन संतोष कुमार अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन बैजनाथ देवांगन तथा लायन राजेश अग्रवाल मनोनीत किये गये है। इसके अलावा क्लब के सदस्यों में लायन अनिल कुमार गोयल, लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, लायन एम. पी. अरझरिया, लायन वासुदेव चंद देवांगन तथा लायन राजेश अग्रवाल (के.सी.) का समावेश किया गया है। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने दी।

# सर्व ब्राह्मण संगठन ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- भगवान परशुराम की महाआरती के बाद वितरण किया प्रसाद



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र' के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जयंती के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं ब्राह्मण समाज के कुल गुरू भगवान परशुराम जी के जयंती के उपलक्ष्य पर सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र' द्वारा रविवार को पामगढ़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चंडी पारा स्थिति श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक होते हुए बिजली आफिस तक पहुंची, जिसके बाद विद्यानिकेतन स्कूल पामगढ़ में भगवान परशुराम जी के महाआरती व भोजन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें समाज के सभी प्रमुख वरिष्ठ जन सहित समाज के मातृशक्ति भी रैली में शामिल रहीं। शोभायात्रा के दौरान रथ पर विराजमान भगवान परशुराम जी एवं राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता सीता और हनुमान जी सबसे ज्यादा आकर्षित रहे। साथ ही कर्म नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को आनंदित कर दिया। शोभायात्रा में लगे डीजे में भक्तिमय उत्साह के साथ नाचते हुए सभी लोगों ने पूरे पामगढ़ में एक अलग ही माहौल बना दिया। इस कार्यक्रम के आयोजकों में मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र के अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी गण एवं जांजगीर, शिवरीनारायण, पामगढ़ के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी वरिष्ठ विप्र जन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही बिजली कटौती

**जांजगीर-चाम्पा।** विद्युत मंडल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। गर्मी में समय बेसमय हो रही बिजली कटौती से लोग खासे परेशान है।

